श्री प्रो० गुलाम गौस, माननीय सदस्य, बिहार विधान परिषद द्वारा बिहार विधान परिषद के 207वें सत्र में पूछा जाने वाला तारांकित प्रश्न सं०–01/207/109 का उत्तर प्रतिवेदनः–

| प्रश्न | उत्तर सामग्री |
|---|---|
| (क) क्या यह सही है कि राज्य के 13 जिलों में अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय के संचालन एवं पठन–पाठन का कार्य प्रारम्भ करने के लिए 481 पदों का सृजन किया गया है; | **स्वीकारात्मक।** |
| (ख) क्या यह सही है कि अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय के संचालन के लिए सृजित 481 पदों पर अभी तक किसी की नियुक्ति नहीं की गयी है; | **आंशिक स्वीकारात्मक।**<br>वस्तुस्थिति यह है कि 02 जिलों के अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय में पठन–पाठन का कार्य शुरू करने हेतु कुल 66 पदों पर संविदा के आधार पर नियोजन की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। |
| (ग) क्या यह सही है कि राज्य के एक भी जिला में पठन–पाठन का कार्य शुरू नहीं किया गया है जबकि 03 जिला दरभंगा, किशनगंज एवं पूर्णिया में अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय का भवन बनकर तैयार है; | **आंशिक स्वीकारात्मक।**<br>वस्तुस्थिति यह है कि दरभंगा एवं किशनगंज जिला में अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय का भवन बनकर तैयार हो चुका है।<br>पूर्णिया जिला में अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय के भवन से संबंधित भूमि का मामला बिहार वक्फ न्यायाधिकरण, पटना में लंबित है, जिस कारण निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हो पाया है। |
| (घ) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार सृजित पदों पर नियुक्ति एवं निर्मित भवनों में पठन–पाठन का कार्य कब तक करना चाहती है? | उपरोक्त खण्डो में स्थिति स्पष्ट कर दी गयी है। विभाग नियोजन की कार्रवाई पूर्ण कर दरभंगा एवं किशनगंज में अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय शीघ्र संचालित करने हेतु प्रयासरत है। |

**बिहार सरकार**
**अल्पसंख्यक कल्याण विभाग**

ज्ञापांकः–अ०सं०क०–02–ग०–आ०वि०–02/2024..................../ पटना, दिनांक.............................

**प्रतिलिपिः**–अवर सचिव, बिहार विधान परिषद् सचिवालय को पाँच अतिरिक्त प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/–
(अहमद महमुद)
सरकार के अपर सचिव

कृ०पृ०उ०

ज्ञापांकः—अ०सं०क०—02—ग०—आ०वि०—02/2024....................../ पटना, दिनांक..............................
प्रतिलिपिः—उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

ह०/—
सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांकः—अ०सं०क०—02—ग०—आ०वि०—02/2024....................../ पटना, दिनांक..............................
प्रतिलिपिः—प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा—08, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार, पटना को एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह०/—
सरकार के अपर सचिव

ज्ञापांकः—अ०सं०क०—02—ग०—आ०वि०—02/2024 2034/ पटना, दिनांक 16.07.2024
प्रतिलिपिः—विभागीय नोडल पदाधिकारी, विधायी कार्य/आई०टी० मैनेजर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

16/7/24
सरकार के अपर सचिव